वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम ने की छत्तीसगढ़ की वन संरक्षण के लयि कयि जा रहे कार्यों की सराहना

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2022 को वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम की तरफ से वन ट्रलियिन ट्री की प्रमुख नकिोल सेवाड ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ट्री कवर और फॉरेस्ट कवर को बढ़ाने के क्षेत्र में कयि जा रहे कार्यों की सराहना की।

प्रमुख बदि

- गौरतलब है कि वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम द्वारा वशि्व स्तर पर वन ट्रलियिन ट्री योजना पर काम कयि जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहा है।
- छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को और कैसे बेहतर बनाया जा रहा है, इस संबंध में वन ट्रलियिन ट्री कार्यक्रम की प्रमुख नकिोल सेवाड के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वीडयिो कॉन्फ्रेंसगि के माध्यम से परचिर्चा में शामलि हुए। इस परचिर्चा में भारत में वन ट्रलियिन ट्री कार्यक्रम की संचालक रत्विकिा भट्टाचार्य और भैरवी जानी ने कार्यक्रम के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।
- नकिोल सेवाड ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल को अर्थव्यवस्था से जोड़ना एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जसिसे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आर्थकि गतविधियिों को भी बढ़ावा दयि जा सकता है।
- परचिर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साइंटफिकि तरीके से वनों के संरक्षण और भूजल स्रोत को रीचार्ज करने का काम कयि जा रहा है, जसिसे छत्तीसगढ़ के नाले 10 से लेकर 30 सेंटीमीटर तक रीचार्ज हुए हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपजों के क्षेत्र में बेहतर काम कयि जा रहा है, यदि इनके लयि लघु उद्योगों की स्थापना की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बहुत फायदा होगा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी लोग जागरूक होंगे।
- छत्तीसगढ़ में 42 फीसदी क्षेत्र जंगलों से घरिा हुआ है और राज्य में 31 फीसदी आबादी आदविासयिों की है, जो प्रमुख रूप से वनों पर नर्िभर हैं। इन्हें और समृद्ध बनाने के लयि छत्तीसगढ़ सरकार व्यक्तगित और सामुदायकि वन अधकिार पट्टों का वतिरण कर रही है।
- मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम को सुझाव देते हुए कहा कि मौसम के अनुसार ही यदि हम पौधों का रोपण करें तो वनों के वकिसति होने की संभावनाएँ ज़्यादा रहेंगी और ये तभी हो सकेगा, जब इनको पर्याप्त मात्रा में पानी मलिता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार ने यही काम कयि है। इससे नालों में पानी रीचार्ज हुआ है और पानी की पर्याप्त मात्रा होने की वजह से जंगल का दायरा बढ़ रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-economic-forum-appreciated-the-work-being-done-for-the-conservation-of-forest-of-chhattisgarh